# कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 294/2025

## प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक- 17.08.2025

**हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़** के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु अभियान के क्रम में आज दिनांक- 17.08.2025 को आजमगढ़ पुलिस द्वारा निम्नवत कार्यावाहियां की गयी-

**01.थाना बरदहः पीड़ित का 25000/- रूपया वापस कराया गया ।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 07.03.25 को आवेदक अखिलेश प्राजापति ग्राम बरदह थाना बरदह जनपद आजमगढ़ के मो0नं0 पर एक व्यक्ति द्वारा फोन करके बताया गया कि तुमने लगत साइट से विडियो देखा है तुम्हारे खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है बचने के लिए पैसा भेजो तब आवेदक द्वारा पैसा भेज दिया गया। आवेदक द्वारा दिनांक 07.03.25 को NCRP पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराया गया। जिसका Ack No. 331032500xxxxx है। साइबर हेल्प डेस्क टीम थाना बरदह द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आवेदक का पैसा होल्ड कराकर न्यायालय के आदेश से आवेदक का 25000/- रुपया उसके बैंक खाता में वापस कराया गया।

**रूपया वापसी का विवरणः-**

साइबर अपराध के रोकथाम के दृष्टिगत थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह के निर्देशन में थाना बरदह के साइबर हेल्प डेस्क पर नियुक्त उ0नि0 मनीष सिंह द्वारा आवेदक अखिलेश प्रजापति उपरोक्त के प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करते हुए आवेदक का पैसा 25000/- रुपया उसके बैंक खाता में वापस कराया गया।

**पैसा वापस कराने वाली पुलिस टीम का विवरणः-**

1- थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह थाना बरदह
2- उ0नि0 मनीष सिंह (साइबर हेल्प डेस्क प्रभारी) थाना बरदह
3- का0 नीरज यादव (साइबर हेल्प डेस्क) थाना बरदह
4- म0आ0 अर्चना यादव (साइबर हेल्प डेस्क) थाना बरदह
5- म0आ0 मनीषा यादव (साइबर हेल्प डेस्क) थाना बरदह



**02. थाना रौनापारः साइबर फ्राड का 15,000/- रूपया वापस कराया गया।**

**घटना का विवरण-**

आवेदक अमित यादव वर्तमान नियुक्ति 20वी वाहिनी पीएसी जनपद आजमगढ़ के द्वारा दिनांक 14.08.25 को अपने किसी मित्र को पैसा भेज रहे थे परन्तु एक ही एक समान UPI नाम मोबाईल मे सेव होने के कारण पैसा (15000/-) दूसरे के पास गलती से भेज दिया गया । जिस आवेदक द्वारा साईबर हेल्प लाईन नम्बर 1930 पर दिनांक 14.08.2025 को शिकायत नं0 331082500xxxx दर्ज कराया गया ।

**बरामदगी का विवरणः-**

आवेदक श्री अमित यादव वर्तमान नियुक्ति 20वी वाहिनी पीएसी जनपद आजमगढ़ द्वारा साईबर हेल्पलाईन नम्बर 1930 पर शिकायत संख्या 33108250xxxxxx दर्ज कराया गया कि उनके साथ कुल 15000/- रुपये का साईबर फ्राड हुआ है। उक्त शिकायती प्रार्थना पर थाना रौनापार के साईबर टीम के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आवेदक के 15,000/- रुपये को SBI बैंक मे होल्ड कराया गया। पैसा होल्ड होने के उपरान्त उक्त खाता धारक से सम्पर्क कर उक्त 15000/- रुपये को आवेदक के खाते मे दिनांक 15.08.25 वापस कराया गया।

**पुलिस टीम का विवरणः-**

1- साईबर टीम थाना रौनापार जनपद आजमगढ़

